# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, राजस्थान, जयपुर

अपील संख्या :–4821/2022

घड़सीराम

–अपीलार्थी

<u>बनाम</u>

1. राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सचिवालय जयपुर।
2. मुख्य अभियंता (प्रशासन), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पीएचईडी मुख्य कार्यालय, राजस्थान, जयपुर।
3. सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सब डीविजन फतेहपुर, जिला सीकर।

–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 05.01.2024

उपस्थिति :–

अपीलार्थी की ओर से : श्री योगेन्द्र सिंह, अभिभाषक

प्रत्यर्थीगण की ओर से : श्री हेमन्त धारीवाल, राजकीय अभिभाषक

समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)
चेतन राम देवड़ा, सदस्य

<u>आदेश</u>

1. इस अपील में अपीलार्थी ने यह तथ्य अंकित किये हैं कि अपीलार्थी को द्वितीय चयनित वेतनमान का लाभ 18 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिनांक 19.09.1996 से पे–स्केल 4000–6000 में प्रदान किया गया है। इसके पश्चात 27 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर अपीलार्थी को तृतीय चयनित वेतनमान का लाभ आदेश दिनांक 24.12.2005 के द्वारा दिया गया, जिसमें भी अपीलार्थी को पे–स्केल 4000–6000 में रखा गया था। अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क रहा है कि आगामी चयनित वेतनमान का लाभ दिये जाने पर भी अपीलार्थी को आगामी वेतन श्रृंखला में नहीं रखा गया। अपीलार्थी को 27 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तृतीय चयनित वेतनमान का लाभ 5000–8000 में दिया जाना चाहिए था, लेकिन गलत रूप से उसी वेतन श्रृंखला अर्थात 4000–6000 में वेतन स्वीकृत किया गया, जो गलत है।
2. हमनें इस अपील के सम्बन्ध में गुणावगुण पर विचार किया। अपीलार्थी के योग्य अधिवक्ता ने हमारे समक्ष माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर की खण्ड पीठ के द्वारा याचिका संख्या 3631/2008 सोहनलाल माथुर बनाम राजस्थान सरकार व अन्य में दिनांक 17.11.2008 को पारित निर्णय एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर की एकल पीठ के द्वारा एस.

बी.सिविल रिट याचिका संख्या 3832 / 2012 श्याम सिंह बनाम राजस्थान सरकार व अन्य में दिनांक 25.09.2012 को दिये गये निर्णयों को प्रस्तुत किया है। उन निर्णयों में माननीय उच्च न्यायालय ने यह निर्धारित किया हैं कि यदि निचले पद एवं पदोन्नति पद की वेतन श्रृंखला एक समान है तो वित्त विभाग के आदेश दिनांक 25.01.1992 एवं दिनांक 17.02.1998 के क्लॉज–5 के अधीन बतायी गई अगली वेतन श्रृंखला चयनित वेतनमान के रूप में स्वीकृत की जानी चाहिए। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने एस.बी.सिविल रिट पिटिशन नम्बर 5505 / 2015 (अति. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर क्षेत्र, जयपुर एवं अन्य बनाम छीतरमल मीणा) एवं 30 अन्य याचिकाओं में निम्न प्रकार अवधारित किया है :–

> *"It is common knowledge that the scheme/policy for grant of selection scales to the employees of the State Government and its instrumentalities, was introduced with a view to removing stagnation faced by members of the ministerial/subordinate services due to non-grant of timely promotion and if the Government, while granting selection scale, does not grant higher emoluments, then prescription of selection grade, as rightly held by this court in Sharvan Kumar, supra, shall be of no consequence. Prescription of same pay scale on grant of selection grade as that of next selection grade, as that of the lower grade, would be illusory benefit, being contrary to the spirit of the scheme."*

> *" This court in Sharvan Kumar and Sohanlal Mathur, supra, has decided this question in the terms that if the Government do not grant higher emoluments then prescription of selection grade shall be of no consequence. Prescription of same pay scale on completion of 18 years of service as a matter of fact is an illusory benefit and that is not at all grant of selection grade with the spirit of the Circulars/Notifications dated 25.01.1992 and 17.02.1998. This purposive interpretation of para 4 and 5 of the said Circulars has been approved not only by the Division Bench but also by the Supreme Court. This does not involve any question of law and therefore the contention that judgment in Sohanlal Mathur, supra, has not been decided on correct perspective and the matter should be reopened all over again to be decided afresh, cannot be accepted. This court is informed of the fact that the department has made compliance of similar judgments in the case of several employees and therefore, cannot seek to create two classes of employees of the very same Department of the State, who are otherwise similarly situate."*

3. उपरोक्त न्यायिक दृष्टांत को दृष्टिगत रखते हुए हम यह पाते हैं कि अपीलार्थी पूर्व में जो वेतन श्रृंखला प्राप्त कर रहा था तो चयनित वेतनमान

का लाभ दिये जाने पर अपीलार्थी आगामी वेतन श्रृंखला में वेतन प्राप्त करने का अधिकारी होता है।

**4.** राजस्थान सिविल सेवाएँ (पुनरीक्षित वेतनमान) नियम, 1998 और 2008 के अनुसार अपीलार्थीगण के संशोधित वेतनमानों की स्थिति निम्नानुसार है :—

| क्र.सं. | वर्ष 1998 से पूर्व | राजस्थान सिविल सेवाएँ (पुनरीक्षित वेतनमान) नियम, 1998 | राजस्थान सिविल सेवाएँ (पुनरीक्षित वेतनमान) नियम, 2008 |
|---|---|---|---|
| 1. | 950—1680 | 3050—4590 | 5200—20200 ग्रेड पे 1900 |
| 2. | 1200—2050 | 4000—6000 | 5200—20200 ग्रेड पे 2400 |
| 3. | 1320—2300 | 4500—7000 | 5200—20200 ग्रेड पे 2800 |
| 4. | 1400—2600 | 5000—8000 | 9300—34800 ग्रेड पे 3200 |
| 5. | 1640—2900 | 5500—9000 | 9300—34800 ग्रेड पे 3600 |
| 6. | 2000—3200 | 6500—10500 | 9300—34800 ग्रेड पे 4200 |

5. वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 25.08.1992 के बिन्दु संख्या 4(ii), (iii) एवं बिन्दु संख्या 5 के प्रावधान निम्नानुसार है :—

*"4.(ii) The Second Selection Grade, wherever admissible, in terms of this order, shall be the pay scale of the second promotion post available to that employee in the same service/cadre ; provided that in case the second promotion post available in the same service/cadre carries a pay scale higher than the pay scale of Rs. 2200-4000 (16) or there is no second promotion post in the same service/cadre or the employee does not possess academic qualifications prescribed for promotion and in respect of the isolated posts, the second Selection Grade shall be the pay scale corresponding to his existing pay scale (pay scale of the post held or the selection grade), as specified in paragraph 5.*

*(iii) The third Selection Grade, wherever admissible, in terms of this order, shall be the pay scale of the third promotion post available to that employee in the same service/cadre ; provided that in case the third promotion post available in the same service/cadre carries a pay scale higher than the pay scale of Rs. 2200-4000 (16) or there is no third promotion post in the same service/cadre or the employee does not possess academic qualifications prescribed for promotion and in respect of the isolated posts, the third Selection Grade shall be the pay scale corresponding to his existing pay scale (pay scale of the post held or the selection grade), as specified in paragraph 5.*

*5. In case there is no post for first, second or third promotion, as the case may be, in the same service/cadre or the employee does not possess academic qualifications prescribed for promotion and in respect of the isolated posts, the Selection Grades shall be as specified below :-*

| *S. No.* | *Existing Pay Scale* | *Selection Grade* |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| *1.* | *750-940 (1)* | *775-1025 (2)* |
| *2.* | *775-1025 (2)* | *800-1250 (3)* |
| *3.* | *800-1250 (3)* | *825-1350 (4)* |
| *4.* | *825-1350 (4)* | *950-1680 (6)* |
| *5.* | *910-1520 (5)* | *975-1720 (7)* |
| *6.* | *950-1680 (6)* | *1200-2050 (9)* |
| *7.* | *975-1720 (7)* | *1200-2050 (9)* |
| *8.* | *1025-1800 (8)* | *1400-2300 (10)* |
| *9.* | *1200-2050 (9)* | *1400-2600 (12)* |
| *10.* | *1400-2300 (10)* | *(i) in those cases where next promotion post is in a State service-2000-3200 (14)*<br>*(ii) in other cases-1640-2900 (13)* |
| *11.* | *1400-2360 (11)* | |
| *12.* | *1400-2600 (12)* | |
| *1* | *2* | *3* |
| *13.* | *1640-2900 (13)* | *2000-3200 (14)* |
| *14.* | *2000-3200 (14)* | *2000-3500 (15)* |
| *15.* | *2000-3500 (15)* | *2200-4000 (16)"* |

6. वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ.16(2)एफ.डी(रूल्स) / 88 दिनांक 17.02.1998 के बिन्दु संख्या 4(i), (iii) एवं बिन्दु संख्या 5 के प्रावधान निम्नानुसार हैं :—

*"4.(ii) The Second Selection Grade, wherever admissible, in terms of this order, shall be the pay scale of the second promotion post available to that employee in the same service/cadre ; provided that in case the second promotion post available in the same service/cadre carries a pay scale higher than the pay scale of Rs. 8000-13050 (13) or there is no second promotion post in the same service/cadre or the employee does not possess academic qualifications prescribed for promotion and in respect of the isolated posts, the second Selection Grade shall be the pay scale corresponding to his existing pay scale (pay scale of the post held or the selection grade), as specified in paragraph 5.*

*(iii) The third Selection Grade, wherever admissible, in terms of this order, shall be the pay scale of the third promotion post available to that employee in the same service/cadre ; provided that in case the third promotion post available in the same service/cadre carries a pay scale higher than the pay scale of Rs. 8000-13500 (13) or there is no third promotion post in the same service/cadre or the employee does not possess academic qualifications prescribed for promotion and in respect of the isolated posts, the third Selection Grade shall be the pay scale corresponding to his existing pay scale (pay scale of the post held or the selection grade), as specified in paragraph 5.*

*5. In case there is no post for first, second or third promotion, as the case may be, in the same service/cadre or the employee does not possess academic qualifications prescribed for promotion and in respect of the isolated posts, the Selection Grades shall be as specified below :-*

| S. No. | Existing Pay Scale | Selection Grade |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | 2550-3200 (1) | 2610-3540 (2) |
| 2. | 2610-3540 (2) | 2650-4000 (3) |
| 1 | 2 | 3 |
| 3. | 2650-4000 (3) | 2750-4400 (4) |
| 4. | 2750-4400 (4) | 3050-4590 (6) |
| 5. | 2950-4475 (5) | 3200-4900 (7) |
| 6. | 3050-4590 (6) | 4000-6000 (9) |
| 7. | 3200-4900 (7) | 4000-6000 (9) |
| 8. | 3400-5200 (8) | 5000-8000 (10) |
| 9. | 4000-6000 (9) | 5000-8000 (10) |
| 10. | 5000-8000 10) | (i)6500-10500 (12) in those cases where next promotion post is in a State Service.<br>(ii) 5500-9000 (11) in other cases. |
| 11. | 5500-9000 (11) | 6500-10500 (12) |
| 12. | 6500-10050 (12) | 8000-13500 (13)" |

7. इस अपील में अपीलार्थी ने 27 वर्ष की सेवा पूरी करने पर सही प्रकार से चयनित वेतनमान का लाभ वेतन श्रृंखला 4000—6000 के स्थान पर 5000—8000 की श्रृंखला में दिये जाने की प्रार्थना की है।

8. हमारे मत में जो चयनित वेतनमान का लाभ दिये जाने पर उसी वेतन श्रृंखला में वेतन निर्धारण नहीं करके आगामी वेतन श्रृंखला में वेतनमान में वेतन का स्थिरीकरण दिया जाना चाहिए था। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने रिट याचिका संख्या 3631/2008 सोहन लाल माथुर बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 17.11.2008 में यह मत व्यक्त किया है कि जहां पर पदोन्नति पद का वेतनमान उसी वेतन श्रृंखला में है तो भी चयनित वेतनमान का लाभ दिये जाने पर आगामी वेतन श्रृंखला में वेतनमान निर्धारण किया जाना चाहिए। माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त प्रकरण में निम्न प्रकार से मत व्यक्त किया है :—

> "In the instant matter too the petitioner is holding the post of Fitter Gr.I and the pay scale of Foreman Gr.II is given to him. The pay scale applicable for the post of Fitter Gr.I and Foreman Gr.II is same. As per para 5 of the Government of Rajasthan's notifications dated 25.1.1992 and 17.2.1998, in such eventuality the employee is required to receive the next higher pay scale as prescribed in para 5 of the notifications aforesaid. The petitioner as per para 5 of the notification dated 25.1.1992 was entitled to receive second selection

grade i.e. of Rs.1400-2600 instead of Rs.1200-2050. After revision of the pay scale the petitioner become entitled to get his pay fixed in the pay scale of Rs.5000-8000 instead of Rs.4000-6000. As a consequent to the fixation of the selection grades as above, the petitioner also become entitled for fixation in the pay scale of Rs. 5500-9000 instead of Rs.5000-8000 on getting third selection grade i.e. on completion of 27 years of service."

9. अतः हम अपीलार्थी की ओर से दिये गये तर्को से सहमत है कि अपीलार्थी चयनित वेतनमान के रूप में आगामी वेतनमान प्राप्त करने के अधिकारी है। अतः हमारे मत में माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त निर्णय को दृष्टिगत रखते हुए अपीलार्थी की उपरोक्त अपील स्वीकार किये जाने योग्य हैं। परिणामस्वरूप उपरोक्त अपील स्वीकार करते हुए प्रत्यर्थी विभाग को निर्देश दिये जाते हैं कि प्रकरण में राजकीय कर्मचारी को चयनित वेतनमान स्वीकार करते समय उनको आगामी वेतन श्रृंखला में वेतनमान दिया जाए। इस सम्बन्ध में प्रत्यर्थीगण द्वारा पूर्व में दिये गये आदेशों को वापस लिया जाकर इस निर्णय के अनुसार संशोधित आदेश जारी किया जाए। अपीलार्थी जो कि सेवानिवृत्त हो गया है, उनकों संशोधित जीपीओ, पीपीओ एवं सीपीओ जारी किया जाए और सभी अपीलार्थी को बकाया राशि का भुगतान किया जाए। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि राज्य सरकार ने किसी वेतनमान की ग्रेड–पे में कोई बढ़ोतरी की है तो उसका लाभ भी अपीलार्थी को दिया जावे। आदेश की पालना 3 माह की अवधि में की जावे।

(चेतन राम देवड़ा)
सदस्य

(अनन्त भंडारी)
सदस्य (न्यायिक)